ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 216

हरियाणा में एमपी-राजस्थान की तरह 2 डिप्टी CM होंगे:मंत्रिमंडल में 10 नए चेहरों को मिल सकती है जगह, सैनी ही होंगे मुख्यमंत्री



24 न्यूज अपडेट

चंडीगढ़. हरियाणा विधानसभा में भाजपा की जीत की हैट्रिक के बाद अब नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि हरियाणा में भी पार्टी मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा की तरह दो डिप्टी CM का फॉर्मूला ला सकती है। वरिष्ठता के आधार पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज और एक ब्राह्मण विधायक को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

भाजपा विधायक दल की बैठक गुरुवार को होगी। इसमें विधायक दल का नेता नायब सैनी को चुना जाना तय है। इसके लिए नायब सैनी दिल्ली भी गए।

उधर, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के दिल्ली निवास पर राज्य के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सह प्रभारी बिप्लव देब ने रणनीति तैयार की है। इस बैठक में मंत्रियों के नामों सहित अन्य मामलों पर चर्चा की गई।

भाजपा लाना चाहती है डिप्टी CM फॉर्मूला

हरियाणा में BJP नई सरकार में डिप्टी CM फॉर्मूले को लाना चाहती है। इसकी सबसे बड़ी वजह सरकार में सीनियरिटी को लेकर होने वाला विवाद है। अभी अनिल विज नई सरकार में सबसे सीनियर नेता हैं। इसके अलावा वह CM बनने का दावा भी ठोक चुके हैं।

ऐसे में उन्हें मैनेज करने के लिए पार्टी उन्हें डिप्टी CM बना सकती है। इनके अलावा एक ब्राह्मण विधायक को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

नए चेहरों को मिल सकता है मंत्रिमंडल में मौका

नई सरकार में भाजपा के नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। पुराने चेहरों में पूर्व गृह मंत्री अनिल विज, मूलचंद शर्मा और महिपाल ढांडा का नाम तो लगभग तय है।

वहीं, नए चेहरों में जातीय और क्षेत्रीय तौर पर फरीदाबाद से विपुल गोयल, भिवानी से घनश्याम सर्राफ, बादशाहपुर से राव नरवीर, इसराना से कृष्ण लाल पंवार, नरवाना से कृष्ण कुमार बेदी, राई से कृष्णा गहलावत, जींद से डॉ. कृष्ण मिड्ढा, गोहाना से डॉ. अरविंद शर्मा और यमुनानगर से घनश्याम अरोड़ा का नाम चर्चाओं में है।

इसके अलावा करनाल के घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण को विधानसभा स्पीकर बनाए जाने की चर्चाएं हैं। वहीं, पूर्व डिप्टी स्पीकर रणवीर गंगवा को अहम जिम्मेदारी मिल सकती है।

ब्याज दरों में लगातार 10वीं बार बदलाव नहीं:यानी लोन महंगे नहीं होंगे, EMI भी नहीं बढ़ेगी; RBI ने रेपो रेट 6.5% पर बरकरार रखी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली.भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने लगातार 10वीं बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। RBI ने ब्याज दरों को 6.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी EMI भी नहीं बढ़ेगी। RBI ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं।

7 अक्टूबर से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज, यानी बुधवार को दी। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। RBI ने इससे पहले अगस्त में हुई बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया था।

2020 से रिजर्व बैंक ने 5 बार में 1.10% ब्याज दरें बढ़ाईं

RBI ने कोरोना के दौरान (27 मार्च 2020 से 9 अक्टूबर 2020) दो बार ब्याज दरों में 0.40% की कटौती की। इसके बाद अगली 10 मीटिंग्स में सेंट्रल बैंक ने 5 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की, चार बार कोई बदलाव नहीं किया और एक बार अगस्त 2022 में 0.50% की कटौती की। कोविड से पहले 6 फरवरी 2020 को रेपो रेट 5.15% पर था।

महंगाई को 4% पर लाने का लक्ष्य

महंगाई को लेकर RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि खुदरा महंगाई के लक्ष्य 4% पर बने हुए हैं। हालांकि, सितंबर महीने में महंगाई के आंकड़े बढ़े हुए लग सकते हैं। मौजूदा मैक्रो-इकोनॉमिक मापदंड संतुलित हैं। GDP ग्रोथ को लेकर उन्होंने कहा कि कारोबारी साल 2025 के दौरान यह 7.2% रह सकती है।

UPI लाइट की ट्रांजैक्शन लिमिट बढ़ाई

RBI ने UPI लाइट की पर ट्रांजैक्शन लिमिट को 500 रुपए से बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया है। वहीं, UPI लाइट वॉलेट की सीमा 2,000 रुपए से बढ़ा कर 5,000 रुपए कर दी गई है। यानी अब वॉलेट में लोग 3,000 रुपए ज्यादा रख सकेंगे।

इस सुविधा के जरिए UPI पेमेंट में पिन की जरूरत नहीं पड़ती और आसानी से पेमेंट हो जाता है। वहीं, UPI 123पे की लिमिट को बढ़ाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है। ये सर्विस नॉन-स्मार्टफोन यूजर्स के लिए होती है।

बम की धमकी के बावजूद 3.30 घंटे उड़ता रहा प्लेन:विस्तारा लंदन-दिल्ली फ्लाइट में मिला धमकी भरा टिश्यू पेपर; 5 घंटे तक एयरपोर्ट पर फंसे पैसेंजर



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. लंदन से दिल्ली के लिए उड़ी विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट UK18 में बुधवार को बम की सूचना से हड़कंप मच गया। फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने से करीब साढ़े 3 घंटे पहले एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में धमकी भरा टिश्यू पेपर देखा। उसने क्रू मेंबर को सूचना दी। फ्लाइट को दिल्ली में लैंड कराकर आइसोलेशन-बे में ले जाया गया, जहां सभी पैसेंजर के सामान की जांच की गई। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। इस मामले में अहम पेंच यह भी है कि बम की सूचना वाला टिश्यू पेपर मिलने के बावजूद साढ़े 3 घंटे तक प्लेन हवा में उड़ता रहा। पुलिस ने क्रू मेंबर्स से सवाल किया कि बम की सूचना के बावजूद प्लेन को दिल्ली तक क्यों लाया गया। किसी नजदीकी देश में ही लैंडिंग की इजाजत मांगी जा सकती थी। पुलिस के सवाल पर पायलट और क्रू मेंबर्स ने कहा कि रास्ते में फ्लाइट लैंड करवाने पर प्लेन के हाइजैक होने का खतरा था। इससे बचने के लिए फ्लाइट को सीधे दिल्ली लाया गया। फ्लाइट में करीब 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। सुरक्षा जांच के चलते पैसेंजर्स करीब 5 घंटे एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। प्लेन में सवार पैसेंजर ने भास्कर को बताया- यह डराने वाला अनुभव था

विस्तारा की फ्लाइट में लंदन से दिल्ली आ रहे राजीव गौतम ने भास्कर को बताया कि बम होने की सूचना मिलने के बाद करीब साढ़े 3 घंटे का रास्ता डर के बीच गुजरा। फ्लाइट तय समय सुबह 11.20 बजे दिल्ली पहुंच गई थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर इसे बिल्कुल कोने में खड़ा किया गया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने प्लेन को घेर लिया। उन्होंने बताया कि प्लेन से पहले बिजनेस क्लास पैसेंजर, फिर प्रीमियम इकोनॉमी और आखिर में इकोनॉमी क्लास के पैसेंजर्स को उतारा गया। सभी के बैगेज चेक करने के लिए मोबाइल एक्स-रे स्कैनिंग वैन बुलाई गई। सामान की चेकिंग के बाद पैसेंजर को डिपार्चर गेट नंबर 4 के पास बैठाया गया। सुरक्षाबलों की तरफ से कहा गया कि सारी जांच होने तक किसी भी यात्री को टर्मिनल बिल्डिंग में जाने की इजाजत नहीं है। कनेक्टिंग फ्लाइट पैसेंजर्स को भी जाने की इजाजत नहीं दी गई। हालांकि एयरलाइन की तरफ से सभी यात्रियों को नाश्ता और पानी दिया गया।

अगले चुनाव की तैयारी अभी से शुरू, 2028 तक मिलता रहेगा मुफ्त राशन, हमारी जेब से जाएगा 17,082 करोड़ रुपया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नई दिल्ली। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत गरीबों को मुफ्त चावल की आपूर्ति जारी रहेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को पीएमजीकेएवाई और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गरीबों को मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी कम होगी। इस पर 17,082 करोड़ रुपये व्यय होंगे और पूरा वित्त पोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। 80 करोड़ नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दे दी। पहल का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना, यात्रा में सुधार करना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के साथ बेहतर संपर्क सुनिश्चित करना है. यह सीमावर्ती क्षेत्रों को बेहतर सड़कों, दूरसंचार संपर्क, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सुविधाओं के साथ जीवंत गांवों में बदलने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) विकसित किया जाएगा. मंत्रिमंडल ने इसकी मंजूरी दे दी है. इसका उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है।एनएमएचसी का विकास दो चरणों में पूरा किया जाएगा. चरण 1। का विकास 1,238.05 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा, जिसमें प्रमुख बंदरगाहों, रक्षा मंत्रालय (भारतीय नौसेना) और संस्कृति मंत्रालय का योगदान होगा। कैबिनेट ने चरण 1बी और चरण 2 के लिए भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिसके लिए स्वैच्छिक संसाधनों से धन जुटाया जाएगा। परियोजना से 15,000 प्रत्यक्ष और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

जम्मू-कश्मीर में जवान का गोलियों से छलनी शव मिला:अनंतनाग में मिलिट्री ऑपरेशन के दौरान लापता हुआ था; रातभर सर्चिंग के बाद बॉडी मिली



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षा बलों को बुधवार को टेरिटोरियल आर्मी के एक जवान की बॉडी मिली है। उसके शरीर पर गोलियों के निशान हैं। आर्मी ने अभी किसी आतंकी हमले की बात नहीं कही है। जिस जवान की बॉडी मिली है, उसका नाम हिलाल अहमद भट है। भट अनंतनाग के मुखधामपोरा नौगाम के रहने वाले थे और 8 अक्टूबर को कोकेरनाग के काजवान फॉरेस्ट एरिया में मिलिट्री ऑपरेशन में गए थे। इसी दौरान वे लापता हो गए थे। उन्हें ढूंढने के लिए सुरक्षा बलों ने रात भर सर्च ऑपरेशन चलाया था। आज उनकी बॉडी अनंतनाग में सांगलान के जंगलों में मिली। हिलाल अहमद 4 साल पहले टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और माता-पिता हैं। पहले सुरक्षा बलों के सूत्रों ने कहा था कि आतंकियों ने अनंतनाग में 2 जवानों को किडनैप कर लिया है। न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से कहा था कि टेरिटोरियल आर्मी के 2 जवानों को किडनैप किया गया है, जिसमें से एक भागने में कामयाब रहा। इसके बाद आर्मी ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

संपादकीय : नतीजों के संकेत

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे तमाम विश्लेषणों और सर्वेक्षणों को धता बता चुके हैं। चुनाव पश्चात हुए सभी सर्वेक्षण हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय और भाजपा की बुरी हार घोषित कर चुके थे। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान लगाया जा रहा था। मगर नतीजे उसके ठीक उलट आए। जम्मू- कश्मीर के लोगों ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को नकार दिया। भाजपा को भी जम्मू क्षेत्र से जैसी बढ़त की उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हुई । कांग्रेस और नैशनल कांफ्रेंस ने मिल कर जरूरी बहुमत से अधिक सीटें जीत ली हैं। मगर तमाम चुनाव विश्लेषक और सर्वेक्षक हैरान हैं कि हरियाणा में भाजपा का जादू कैसे चल गया । बहुत सारे लोगों को अब तक नतीजों पर यकीन नहीं हो रहा। इसलिए कि 'चुनाव की घोषणा से पहले ही हरियाणा में भाजपा का विरोध शुरू हो गया था। कुछ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की सीटें घट कर आधी रह गई थीं। विधानसभा चुनाव में सत्ताविरोधी लहर साफ देखी जा रही थी। चुनाव दो-ध्रुवीय हो गया था। टिकट बंटवारे के वक्त भाजपा कार्यकर्ताओं में पहली बार विद्रोह का स्वर भी फूटा था । कुछ नेता भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में लौट आए थे। इस तरह इस चुनाव को लेकर भाजपा भी संदेह से भरी हुई थी । हरियाणा में किसान, नौजवान, पहलवान और संविधान का मुद्दा कांग्रेस ने बढ़-चढ़ कर उठाया था । इसका असर भी नजर आ रहा था। किसानों और पहलवानों के मुद्दे पर कई जगह भाजपा नेताओं का बहिष्कार भी देखा गया । इसलिए जमीन पर यही लग रहा था कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ वापसी करने जा रही है। मगर नतीजे भाजपा के पक्ष में आए। जो भाजपा पिछली बार चालीस सीटों पर सिमट गई थी और उसे जजपा के साथ समझौता कर सरकार बनानी पड़ा थी, इस बार उसे स्पष्ट बहुमत मिल गया। ऐसा ही माहौल छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के वक्त था । कांग्रेस की जीत साफ नजर आ रही थी, मगर वहां भाजपा ने स्पष्ट बहुमत से कहीं अधिक सीटें हासिल कर ली थी। हरियाणा नतीजों के बाद भी फिर से मतदान मशीन पर शक जाहिर किया जाने लगा है। खुद कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में इसकी गुहार लगाई है। मगर चुनावी समीकरणों को देखें तो स्पष्ट है कि भाजपा की रणनीति सफल रही है और कांग्रेस इस बार भी अपनी रणनीति में विफल साबित हुई है। हरियाणा चुनाव में जाट और गैर-जाट का मुद्दा निर्णायक साबित हुआ। जाट कांग्रेस की तरफ केंद्रित हो गए थे। हालांकि गैर-जाट को अपनी तरफ करने की उसने भरपूर कोशिश की, पर उसमें कामयाब नहीं हो सकी। फिर, इस बार आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि दलों ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। कुल मिला कर चार फीसद से अधिक वोट इन दलों को मिलें हैं। भाजपा के अपने प्रतिबद्ध मतदाता इधर से उधर नहीं हुए। फिर, कई जगहों पर मतदान बहुत कम हुआ। इन सबका असर कांग्रेस पर पड़ा। छोटे दलों ने जो वोट अपने पाले में खींचे, ये अगर मिल जाते, तो कांग्रेस की जीत निश्चित थी। मगर भाजपा ने चुनाव से कुछ समय पहले मुख्यमंत्री बदल कर और गैर-जाट वोट को आकर्षित कर अपनी शानदार विजय सुनिश्चित कर ली। हालांकि दोनों राज्यों में सरकारों के सामने चुनौतियां कठिन हैं। हरियाणा में भाजपा के लिए विश्वास जीतने की चुनौती है, तो कश्मीर में केंद्र के साथ तालमेल बनाए रखने की ।

यमुना का जीवन

नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बावजूद अगर यमुना की हालत और खराब होती जा रही है तो इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा ? यह छिपी बात नहीं है कि यमुना का प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार और संबंधित महकमों ने जितने भी प्रयास किए हैं, अमूमन वे सभी नाकाम दिखते हैं। आखिर क्या वजह है कि इस मद में भारी राशि खर्च किए जाने और यमुना को स्वच्छ बनाने के तमाम दावों के उलट यह नदी आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है? दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की एक ताजा रपट में बताया गया है कि सितंबर महीने में यमुना में प्रदूषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया । रपट में यह तथ्य भी दर्ज किया गया है कि फरवरी, 2022 के बाद यह प्रदूषण का उच्चतम स्तर है जब अशोधित जलमल का एक प्रमुख संकेतक 'फीगल कोलिफार्म जीवाणु' का स्तर तिरसठ लाख पाया गया। यह स्थिति तब है जब इस वर्ष अपेक्षया अच्छी बरसात से जल प्रवाह और उसमें आक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी हुई और इसमें खतरनाक जीवाणुओं के यह जाने की उम्मीद की गई थी। मगर उनका स्तर उच्च बना रहा। विचित्र है कि यमुना को स्वच्छ बनाने पर सबसे ज्यादा जोर दिल्ली में दिया जाता है, लेकिन यह सबसे ज्यादा इसी महानगर में प्रदूषित पाई जाती है। अन्य शहरों से गुजरते हुए भी यमुना का यही हाल हो जाता है। 1 अलग-अलग शहरों में औद्योगिक अपशिष्ट से लेकर सीवर आदि की गंदगी इस नदी में बहाए जाने पर रोक लगाने को लेकर अब तक की घोषणाओं की हकीकत यह है कि इस वर्ष ज्यादा बारिश के बावजूद यमुना प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा पाया गया। दिल्ली के बड़े हिस्से में पेयजल की आपूर्ति इसी नदी के पानी को शोधित कर की जाती है। मगर दिल्ली में अधिकांश नाले, पड़ोसी राज्यों के कीटनाशक और औद्योगिक अपशिष्ट जिस तरह यमुना में मिल जाते हैं, वैसे में इससे तैयार पेयजल के जोखिम का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल है कि अरबों रुपए की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के बावजूद इस नदी पर अस्तित्व का संकट क्यों खड़ा है। और यह और ज्यादा प्रदूषित क्यों होती जा रही है!

उदयपुर जैसा मामला : 40 पिंजरे और 50 कैमरा ट्रैप के बावजूद तेंदुए ने किया महिला का शिकार, शव को 100 फीट तक घसीटा, जुन्नार वन प्रभाग में सातवीं मौत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे के एक गांव में तेंदुए का आतंक है। हमले में आज 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई. राज्य वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मार्च के बाद से तेंदुए के हमले के कारण जुन्नार वन प्रभाग में सातवीं मौत है। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंपरी-पेंढर और आस-पास के इलाकों में 40 पिंजरे और 50 कैमरा ट्रैप तैनात कर सर्च और पकड़ने का अभियान शुरू किया है. हम तेंदुए का पता लगाने के लिए थर्मल ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ जब पीड़ित महिला सुबह करीब 6 बजे सुजाता ढेरे गन्ने के खेतों से घिरे सोयाबीन के खेत में काम कर रही थी। तेंदुआ छिपा हुआ था। तेंदुए ने हमला कर दिया और उसे 100 फीट तक घसीटा जिससे मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस और वन अधिकारी जांच करने के लिए आए व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तलाशी अभियान शुरू हो चुका है और स्थानीय लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। यह घटना 2001 के बाद से जुन्नार में तेंदुए के हमलों के कारण होने वाली मानव मौतों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। 2002 मेंएक साल के भीतर ऐसे हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए दिए निःशुल्क सोनोग्राफी मां वाउचर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि 9 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क जांच कर परामर्श और दवाईयां दी गई। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मां वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी करने के लिए सरकारी और पंजिकृत निजी सोनोग्राफी सेंटर पर भेजा गया। जिले में कुल 793 गर्भवती महिलाओं को मां वाउचर दिये गये। 218 गर्भवती महिलाओं ने इसका फायदा लेते हुए सोनोग्राफी करवा ली। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों पर आने वाली गर्भवती महिलाओ की ब्लड, यूरीन, हिमोग्लोबिन,बीपी, शुगर सहित अन्य जांचे निशुल्क की जाती है। संभावित और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिंहित कर उच्च संस्थानों पर भेज कर विशेषज्ञों से परामर्श लिया जाता है ताकि प्रसव के दौरान जटिलताएं नहीं रहें। साथ ही शिशुओं स्तनपान,पोषण और टीकाकरण का महत्व बताया गया। पोष्टिक आहार, आयरन और कैल्शियम विटामिन लेने को जागरूक किया गया। यह अभियान माह में तीन बार 9,18 और 27 तारीख को आयोजित किया जाता है।

पिता ने 3 साल के बेटे के साथ फंदा लगाकर किया सुसाइड



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र के पाल मांडव डूंगरा फला गांव में पिता ने 3 साल के बेटे के साथ घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। दोवड़ा थाने के एएसआई सुशील दशोरा ने कहा कि थावरा परमार ने रिपोर्ट दी है कि उसका बेटा जयंतीलाल और 3 साल का पोता दीपक मंगलवार रात खाना खाकर सो गए। सुबह 10 बजे तक नहीं उठे तो दूसरा बेटा कमलेश चाय देने गया। इस दौरान घर में जयंती लाल बेटे दीपक के साथ फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले जयंती ससुराल गया था और बेटे को लेकर वापस आया था। आत्महत्या क्यां की इन कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुलदेवी बाण माता के दर्शन करने चित्तौड़गढ़ पहुंचे मनीष सिसोदिया, बोले-मेवाड़ से मिली जन-जन को प्रेरणा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया अपनी सिसोदिया वंश की कुलदेवी बाण माता के दर्शन के लिए आज चित्तौड़गढ पहुंचे। यहां उन्होंने माताजी के दर्शन के बाद कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री अपने दोस्तों के लिए जान लड़ाते हैं। जबकि देश और देशवासियों का कोई मतलब नहीं है। यहां एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सिसोदिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं पहले भी चित्तौड़गढ़ आया था, लेकिन दुर्ग नहीं घूम पाया। कुलदेवी के दर्शन भी नहीं कर पाया। आज मैं अपनी कुलदेवी बाण माता जी के दर्शन के लिए आया हूं। बाण माताजी सिसोदिया राजवंश की कुलदेवी हैं। हम बचपन से मेवाड़ के प्रतापी शोर्य की कहानी को पढ़-पढ़कर बड़े हुए हैं। मेवाड़ का इतिहास हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है जो कभी भी हार नहीं मानने की प्रेरणा देता हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है। बीजेपी की आम आदमी पार्टी को चोट पहुंचाने की कोशिशें कभी कामयाब नहीं होने वाली हैं।

खाली प्लॉट में पनप रहे लार्वा, मालिकों को यूआईटी देगी प्लॉट मालिकों को नोटिस



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु शहरी क्षेत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर गतिविधियां तेज कर दी गई है।शहर में अभी 140 टीम कार्यरत हैं जिसमें डीबीसी, आशा और एएनएम के साथ आम जन का भी सहयोग लिया जा रहा है। कलक्टर महोदय के निर्देशानुसार हाई रिस्क एरिया मल्ला तलाई और एक अन्य एरिया भूपालपुरा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने हेतु कल जन-जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आमजन को लेकर बचाव के बारे में जागरूकता पैदा की जायेगी। सोर्स रिडक्शन एंटी लार्वा एक्टिविटी के साथ ही सप्ताह में दो बार सुखा दिवस मनाने के लिए जागरूक किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि प्रतिदिन की जा रही गतिविधियों को चिकित्सा प्रभारी और जिला नोडल अधिकारियों द्वारा मोनिटरिंग किया जा रहा है। पोजिटिव केसेज के घरों में पायरेथ्रम और टेमीफोस का छिड़काव करवाया जा रहा है। कलक्टर महोदय ने नगर निगम और यूआईटी को निर्देश दिए हैं कि जहां खाली प्लाट पड़े हैं और गंदगी और पानी इकट्ठा होने से लार्वा पनप रहे हैं उनके मालिकों को नोटिस देकर चालान की कार्यवाही कर पाबंद किया जाए।

भाभी पर ताबड़तोड़ चाकूवार कर देवर हुआ फरार, भाभी की हालत खतरे से बाहर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात चाकूबाजी की घटना से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। रात करीब 11:30 बजे आयड़ में देवर सरफराज ने ने भाभी पर चाकू से हमला कर दिया। महिला के पेट और सिर पर चाकू से वार किए जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल महिला को परिजनएमबी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना के तुरंत बाद आरोपी देवर सरफराज फरार हो गया है व उसकी तलाश की जा रही हैं भूपालपुरा थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी। तभी देवर सरफराज आया और भाभी पर आपसी कहासुनी व पारिवारिक विवाद के चलते चाकू से वार कर दिए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। घायल महिला का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। वहीं आरोपी देवर फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पशुपालकों को मिली सौगात, एक फोन पर घर बैठे मिलेगी पशु चिकित्सा सुविधा

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मोबाइल वेटरनरी यूनिट और 1962 कॉल सेंटर का आज पूरे राजस्थान में शुभारंभ किया गया है। पशुपालन विभाग में उदयपुर में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल और जिला प्रमुख ममता कुंवर ने इस कॉल सेंटर का शुभारंभ किया है। उपनिदेशक पशुपालन डॉ शरद अरोड़ा ने दी इस अवसर पर योजना की जानकारी दी। जिला कलेक्टर और जिला प्रमुख ने पौधारोपण भी किया।

प्रस्तावित सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव

प्रकोष्ठ प्रभारियों से ली तैयारियों की जानकारी, दिए निर्देश, निर्वाचन प्रकोष्ठ प्रभारी-सह प्रभारियों की बैठक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। प्रस्तावित सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव को लेकर चल रही तैयारियों के तहत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों व सहप्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एडीएम श्री राठौड़ ने प्रकोष्ठ वार अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कार्मिक प्रकोष्ठ, आचार संहिता प्रकोष्ठ, निर्वाचन व्यय निगरानी प्रकोष्ठ, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन व्यवस्था प्रकोष्ठ, मीडिया समन्वय एवं निगरानी प्रकोष्ठ तथा पेड न्यूज मोनिटरिंग, मत पत्र, होम वोटिंग, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, आईटी प्रकोष्ठ, सोशल मीडिया सेल, वेबकांस्टिंग प्रकोष्ठ, सी-विजिल प्रकोष्ठ आदि ने प्रभारी अधिकारियों ने अपने-अपने प्रकोष्ठ की अब तक की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी।एडीएम राठौड़ ने कहा कि उपचुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। इससे पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक भी प्रस्तावित है। ऐसे में सभी अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराने को लेकर तत्पर रहें। बैठक में आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रभारी जितेंद्र ओझा ने स्पष्ट किया कि आदर्श आचार संहिता केवल सलूम्बर जिले की राजस्व सीमा में ही प्रभारी रहेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राठौड़ ने आचार संहिता की घोषणा के साथ ही 24 घंटे के दरम्यान संबंधित क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों से सरकार की योजनाओं से जुड़े होर्डिंग, बैनर हटवाए जाने, 48 घंटे के दरम्यान सार्वजनिक स्थलों तथा 72 घंटे में निजी स्थलों से होर्डिंग्स आदि हटवाकर उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

आरएनटी में नशा मुक्ति आधारित नाटिका का मंचन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 अक्टूबर। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के नवागंतुक विद्यार्थियों के इंडक्शन प्रोग्राम में व्यसन मुक्त भारत की जिला समिति के सदस्म जल मित्र डॉ.पी. सी.जैन द्वारा रचित नशा मुक्ति आधारित नाटिका का मंचन किया गया। आज की युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करती इस नाट्य प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया। इस नाटिका में दर्शाया गया कि किस तरह एक छात्र अपने मित्रों के आग्रह से शराब एवं ड्रग्स लेने लगा और धीरे-धीरे वह इसका आदी हो गया, रात रात भर घर से गायब रहना, दोस्तों के साथ पार्टिया करना, यह उसका दैनिक रूटिंग हो गया था। मां हृदय की रोगी बार-बार रात को उसके ना आने पर उसे फोन करती रहती और वह डालता रहता। एक रात मां उसे फोन करती है वह फोन का स्विच ऑफ कर देता तब मां पड़ोस की सहेली को बुला लेती है और उसके मित्रों को फोन करके उसके बारे में पता करो उसे लाने के लिए कहती है। पर तभी उसे हार्ट अटैक पड़ जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। घर में बूढ़े दादा और एक छोटी बहन होती है सभी इस अचानक लगे आघात से रोने लगते, दादा अपनी दूसरी पोती को बुलाते हैं, तब तक नशेड़ी बेटा भी आ जाता है और मां को मारा देखकर फूट-फूट कर रोता है और कहता है मां मुझे छोड़ कर मत जाओ मैं अब नशा छोड़ दूंगा ना करूंगा ना किसी को करने दूंगा। डॉ. जैन के इस संदेशपरक नाटक से सभी को प्रभावित किया। डॉ.जैन ने प्रेजेंटेशन में नशे व उनसे होने वाले नुकसान की जानकारी दी और अपने 7 डी फार्मूले से नशा छुड़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जल ही जीवन के बारे में भी पीपीटी के माध्यम से रोचक जानकारी दी और जल का महत्व बताया। इन नृत्य नाटिकाओं में मेडिकल कॉलेज के नव आगंतुक विद्यार्थी खुशराज सिंह सोलंकी, ध्रुव शर्मा, अंकिता जैन, दीपांशी गोयल, संध्या, दीपशिखा तंवर, भरत सिंह चौहान ने अभिनय किया।

आरपीएससी ने किया भास्कर की खबर का खंडन, कहा-आरएएस भर्ती 2021 उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन प्रक्रिया निष्पक्ष व सही, आयोग न्यायालय में रखेगा पक्ष



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. अजमेर। आरपीएएसी ने कहा है कि दैनिक भास्कर समाचार-पत्र के अजमेर संस्करण में दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को '' आरएएस परीक्षा 2021 कॉपी जांच में लापरवाही'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार को जिस प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, उसके कारण कतिपय अभ्यर्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरएएस भर्ती परीक्षा 2021 की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य आयोग स्तर पर पूर्ण सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ किया गया है। प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा जवाब चाहा गया है। आयोग प्रशासन द्वारा न्यायालय के समक्ष निर्धारित अवधि में वास्तविक तथ्यों के साथ जवाब प्रस्तुत कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि सामान्यतः न्यायालय में कोई रिट याचिका दायर की जाती है, तो उसके संबंध में आयोग से जवाब प्राप्त करने के पश्चात न्यायालय के स्तर पर परीक्षण के पश्चात् कोई निर्णय अथवा आदेश पारित होने पर, उसको आधार मानकर मीडिया में समाचार प्रकाशित होता है, लेकिन अभ्यर्थी रंजीत कुमार ने मात्र रिट दायर करके यह समाचार, दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित करवाया है, रिट में अंकित किए गए तथ्य विधिक रूप से सही नहीं है। जब मामला न्यायालय में विचाराधीन हो तो उस स्थिति में सभी की जिम्मेदारी बनती है कि एक तरफा एवं अनावश्यक खबरों को प्रसारित नहीं किया जाये। इस प्रकरण में तथ्य इस प्रकार है कि:- आर.ए.एस. परीक्षा-2021 के अभ्यर्थी रंजीत कुमार द्वारा उच्च न्यायालय, जयपुर में एस.बी. सिविल रिट याचिका संख्या-15698/2024 दायर कर, स्वयं की मुख्य परीक्षा की प्रश्न पत्र-चतुर्थ की प्रश्नोतर पुस्तिका के कुछ प्रश्नों का सही मूल्यांकन नहीं करने के संबंध में रिट याचिका में बिन्दु उठाये गए हैं। न्यायालय द्वारा रिट याचिका स्वीकार कर अंतरिम आदेश दिनांक 07 अक्टूबर 2024 को नोटिस जारी कर आगामी सुनवाई तिथि 21 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। आयोग ने अपने स्तर पर पूर्ण सतर्कता व निष्पक्षता के साथ कार्य किया है। अभ्यर्थी की प्रश्नोतर पुस्तिका की जांच में कोई भी गड़बड़ी नहीं है। मूल्यांकन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा रिट में अंकित किए गए तर्क भी विधिक रूप से सही नहीं है। आयोग द्वारा उच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा जाकर वास्तविक तथ्य प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

सीएम भजनलाल को विदेश जाने की मिली अनुमतिःजयपुर जिले की एडीजे-4 कोर्ट ने दी परमिशन, विदेश जाने से पहले कोर्ट को बताना होगा

24 न्यूज अपडेट



जयपुर. सीएम भजनलाल शर्मा को कोर्ट से विदेश जाने की अनुमति दे दी हैं। सीएम की ओर से जिले की एडीजे-4 अदालत में इसके लिए प्रार्थना पत्र दायर किया गया था। जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से कहा गया है कि उन्हें 13 से 25 अक्टूबर तक विदेश जाने की अनुमति दी जाए। इस मामले को लेकर बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने कहा कि जब भी वे विदेश जाएंगे और दोबारा आएंगे तो कोर्ट को बताएंगे। वे प्रदेश में होने वाली राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट को लेकर लंदन में आयोजित होने वाली इंवेस्टर मीट और रोड शो में शामिल होने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा गोपालगढ़ दंगा मामले में जमानत पर हैं। कोर्ट ने उन्हें दी गई अग्रिम जमानत में यह शर्त लगा रखी है कि जब भी वे विदेश जाएंगे, कोर्ट से इजाजत लेंगे।

बिना इजाजत की थी दक्षिण कोरिया-जापान की यात्रा

दरअसल, पिछले महीने सीएम भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान के तहत निवेशकों को आमंत्रित करने दक्षिण कोरिया व जापान यात्रा पर गए थे। बताया जाता है कि इसके लिए उन्होने अदालत से पूर्वानुमति नहीं ली थी। इसके बाद एडवोकेट सांवरमल चौधरी ने बिना इजाजत विदेश जाने पर सीएम भजनलाल शर्मा की अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया था। जिस पर अदालत ने सीएम और सीबीआई से जवाब मांगा था। पूर्व मंत्री ने विदेश जाने की शर्त हटाने की रखी मांग साल 2011 में गोपालगढ़ में हुए दंगा मामले में अदालत से भजनलाल शर्मा, जाहिदा खान, जमशेद खान, प्रमोद शर्मा, जवाहर सिंह बेढम, केसरी सिंह, गिरधारी तिवारी सहित अन्य आरोपियों को 10 सितंबर, 2013 को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतों व एक लाख के मुचलके पर सशर्त अग्रिम जमानत मिली थी। शर्त थी कि कोर्ट की मंजूरी के बिना देश से बाहर नहीं जाएंगे। जांच में सहयोग करेंगे और गवाहों को डराएंगे-धमकाएंगे नहीं।

अब पूर्व मंत्री जाहिदा खान ने अदालत में प्रार्थना पत्र लगाकर कहा है कि मामले को चलते हुए 11 साल हो गए है। लेकिन अभी तक केवल 60 गवाहों के बयान हुए हैं। मामले में प्रार्थीगण मुख्य आरोपी नहीं हैं। 04 दिसम्बर, 2015 को लगाए गए चार्ज में प्रार्थीगण पर केवल राजकार्य में बाधा डालने का ही आरोप हैं, जो जमानतीय हैं। प्रार्थी ने आज तक एक भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया हैं। वह सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत है और कभी भी विदेश जा सकते हैं। साथ ही अग्रिम के बाद नियमित जमानत भी मिल चुकी हैं। इसलिए बिना पूर्वानुमति के भारत से बाहर जाने की शर्त को विलोपित किया जाना न्यायोचित हैं।

राजस्थान में कांगो फीवर की एंट्री, महिला मरीज की मौत, बचाव ही उपचार, कोई वैक्सीन नहीं

24 न्यूज अपडेट



24 न्यूज अपडेट. जोधपुर। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कांगो बीमारी में बचाव ही उपचार है। अब तक इसकी कोई प्रभावी वैक्सीन नहीं है। राजस्थान में कांगो फीवर का दुखद प्रवेश हो गया है और जोधुपर में महिला मरीज की मौत का मामला सामने आने के बाद से हड़कंप है। जोधपुर के बनाड़ इलाके के नांदड़ा कलां गांव की महिला की अहमदाबाद में इलाज के दौरान मौत की खबर मिली है। रिपोर्ट में कांगो फीवर की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के गांव पहुंची और सर्वे किया। टीम ने परिजनों के साथ ही पड़ोस में रहने वाले लोगों के रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। नांदड़ा कलां गांव में 51 साल की महिला की 3 अक्टूबर को तबीयत खराब हुई व उसे परिजन निजी अस्पताल ले गएं वहां से जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल रेफर किया गयां। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर अहमदाबाद के स्टर्लिंग हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। 8 अक्टूबर सुबह महिला की मौत हो गई थी। महिला के ब्लड सैंपल जांच के लिए पुणे भेजे व वहां से मंगलवार देर रात को महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। सुबह ही मेडिकल टीमों को सक्रिय किया गया व नांदड़ा गांव भेज दिया गया। पूरे गांव में सर्वे करवाया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि कांगो फीवर पशुपालन से जुडे लोगों को हो सकता है व यह महिला पशुपालन से जुड़ी हुई थी। पशुओं की चमड़ी से चिपके रहने वाला 'हिमोरल' (किलनी) नामक परजीवी से यह रोग बढ़ता है। रोगी को बुखार का एहसास होता है और उसके शरीर की मांसपेशियों में दर्द होता है। उसे चक्कर आते है, सिर दर्द करता है, आंखों में जलन और रोशनी से डर लगने लगता है। सूर्य रोशन से दिक्कत होती है व डिप्रेशन में चला जाता है। जोधपुर में इससे पहले कांगो फीवर का मामला साल 2019 में सामने आया था। तीन बच्चों में इस लक्षण नजर आए थे। अब महिला मरीज की मेडिकल हिस्ट्री देखी जा रही है।

देश के आखिरी सती कांड में 36-साल बाद आया फैसला

महिमामंडन करने के 8 आरोपी बरी, 45 लोगों पर हुई थी एफआईआर



रूप कंवर (सती)

मालसिंह शेखावत (रूप कंवर के पति)

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान में 36 साल पहले सीकर जिले के दिवराला गांव में हुए रूप कंवर सती महिमामंडन कांड में बुधवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। सती प्रथा के महिमामंडन के इस मामले में 8 आरोपियों को बरी कर दिया है। मामले में कुल 45 आरोपी थे। इनमें से 25 आरोपियों को कोर्ट ने 2004 में बरी कर दिया था। 4 फरार हैं। वहीं मामले के शेष आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। दरअसल, 4 सितंबर 1987 को दिवराला गांव में 18 साल की रूप कंवर अपने पति की चिता पर जलकर सती हो गई थीं। भारत में सती होने का यह आखिरी मामला था। रूप कंवर के सती होने के बाद दिवराला गांव में ही उसकी तेरहवीं पर चुनरी महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें लाखों लोग शामिल हुए थे। एक साल बाद रूप कंवर की पहली बरसी पर उन्हें सती माता का दर्जा देते हुए जुलूस निकाला गया था। तब सती का महिमामंडन करने पर 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस घटना ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था, क्योंकि 158 साल पहले दिसंबर 1829 में ब्रिटिश राज के दौरान ही सती प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बुधवार को जयपुर महानगर द्वितीय की सती निवारण स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। आरोपियों के वकील अमनचैन सिंह शेखावत और संजीत सिंह चौहान ने बताया- आज कोर्ट ने महेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, निहाल सिंह, जितेंद्र सिंह, उदय सिंह, दशरथ सिंह, लक्ष्मण सिंह और भंवर सिंह को बरी कर दिया।

वर्षिक गड्ढा भरो उद्योग : खराब सड़कें उदयपुर संभाग के ठेकेदारों को दिलाएगी 9404.62 लाख, प्रदेश में 2328 कार्यों के लिए 964 करोड़ स्वीकृत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। हर साल मानसून के जाते ही सडकों को ठीक करने के नाम पर करोडो का बजट जारी किया जाता है। जबकि हर साल देखने में आता है कि सडक पर उसी जगह गड्ढे पडते हैं जहां पर बरसों से पड रहे हैं। आखिर ऐसी नीतियों ओर ऐसी सडकें क्यों नहीं बनती जो सालों साल तक चलती हो। उस पर सरकारें वन टाइम इनवेस्टमेंट करके विश्व स्तरीय तकनीक और ऐसा काम करने वाले फर्मों को आखिर मौका क्यों नहीं देती। सब जानते हैं कि इस पैसे की किस तरह से बंदरबांट होती हैं। सडक की सेहत सुधरे ना सुधरे ठेकेदारों और सिस्टम के अन्य राजनीतिक व प्रशासनिक लाभार्थियों की आर्थिक सेहत जरूर दुरूस्त हो जाती है। इस बार भी यह उद्योग चल पडा हैं। पैसा आ गया है और खर्च होने वाला है। राज्य में आवागमन सुविधाओं को सुचारू बनाने को लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पूरी तरह से गंभीर है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण और चौड़ाईकरण कार्य के लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत करने के साथ ही अब उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी की पहल पर बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की सेहत सुधारने के लिए भी 964 करोड़ रूपए की स्वीकृतियां जारी कर दी हैं। इससे प्रदेश भर में 2328 कार्य शामिल किए गए हैं। उदयपुर संभाग में भी बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई विभिन्न सड़कों के स्थायी मरम्मत के लिए 9404.62 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत उदयपुर जिले में सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त उदयपुर शहर एवं उदयपुर ग्रामीण अंतर्गत कुल 78 कार्यों के लिए कुल 3260.18 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। इसमें विधानसभा क्षेत्र खेरवाड़ा के लिए 1364 लाख, वल्लभनगर के लिए 660 लाख, उदयपुर ग्रामीण के लिए 576 लाख, गोगुन्दा के लिए 355.42 लाख तथा मावली के लिए 31.20 लाख स्वीकृत हुए हैं। इसी प्रकार संभाग के राजसमंद जिले में 182 कार्यां के लिए 1260 लाख, चित्तौड़गढ़ जिले में 24 कार्यों के लिए 1750.73 लाख, सलूम्बर जिले में 24 कार्यों के लिए 1102.71 लाख तथा भीलवाड़ा जिले में 19 कार्यों के लिए 2031 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

सीएम ने चौरासी और सलूंबर के कार्यकर्ताओं से की मंत्रणा:उप चुनावों में भाजपा की जीत को लेकर बंद कमरे में लिया फीडबैक



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार दोपहर को डूंगरपुर के दौरे पर पहुंचे। पुलिस लाइन हेलीपेड पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद बोरी में गुरुकुल कॉलेज में चौरासी और सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में मंत्रणा की। दोनों विधानसभा उप चुनावों में भाजपा की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार दोपहर को विशेष हेलिकॉप्टर से डूंगरपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ थे। पुलिस लाइन हेलीपेड पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, पूर्व मंत्री सुशील कटारा, सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा समेत भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोरी स्थित गुरुकुल कॉलेज परिसर पहुंचे। यहां श्रीचंद कृपलानी, पूर्व राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह समेत कई नेताओं ने उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भाजपा की संगठनात्मक बैठक में पहुंचे।

कॉलेज परिसर के हॉल में डूंगरपुर के चौरासी और सलूंबर विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विस्तारक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद बैठक शुरू हुई। पगड़ी पहनाकर स्वागत के बाद बंद हॉल में दोनों ही विधानसभा के कार्यकर्ताओं से उप चुनावों को लेकर फीडबैक लिया। कार्यकर्ताओं से चुनावों की मंत्रणा करते हुए जीत को लेकर टिप्स दिए।

पेंशन प्रकरण बनाने के लिए मांगी रिश्वत, शिक्षाकर्मी को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते बिछीवाड़ा ब्लॉक में आरा स्कूल के शिक्षाकर्मी को बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह शिक्षाकर्मी 9 महीने पहले रिटायर्ड हुए अपने ही साथी शिक्षाकर्मी के पेंशन प्रकरण को तैयार कर भेजने के बदले में 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। एसीबी के डीएसपी रतनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बिछीवाड़ा ब्लॉक के रिटायर्ड शिक्षाकर्मी ने शिकायत दर्ज करवाई। बताया कि 31 जनवरी को शिक्षाकर्मी की पोस्ट से रिटायर्ड हुआ। इसके बाद पेंशन प्रकरण तैयार करने आरा स्कूल में उसका ही साथी शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत पर एसीबी की ओर से जाल बिछा कर शिकायत की पुष्टि करवाई गई। शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड रिश्वत मांग रहा था इस बात की पुष्टि हो गई। इस पर एसीबी ने जाल बिछा कर ट्रेप कर लिया। शिक्षाकर्मी ने उसको रिश्वत की राशि के साथ सिंटेक्स तिराहे पर बुलाया। एसीबी की टीम वहां पर पहले से मौजूद थी। पीडित ने जैसे ही 10 हजार रुपए की रिश्वत की राशि आरोपी शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड को दी,एसीबी की टीम ने शिक्षाकर्मी रमेशचंद्र कोटेड को धर दबोचा। एसीबी की टीम ने शिक्षाकर्मी से रिश्वत में दिए 10 हजार रुपए बरामद किए।

पेंथर बुलेटिन : टीम को छका रहा, थका रहा पैंथर जंगल में लगाए सीसीटीवी, कहीं मिले पगमार्ग, कहीं किया शिकार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आदमखोर पेंथर का पकड़ने के लिए वन विभाग ने जंगल में लाइव स्ट्रीमिंग करने वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इससे पहले ट्रेप कैमरे लगवाए गए थे लेकिन उनका डेटा अगले दिन प्राप्त होने से एक्शन मेंदेरी हो रही थी। अब सीसीटीवी कंट्रोल एक्सेस से तुरंत पता चल जाएगा कि पेंथर का मूवमेंट शूट करने वाली टीम के आस पास हो रहा है या नहीं। पेंथर भी टीम को छका रहा है और थका रहा है। गोगुंदा में उसकी चप्पे चप्पे में तलाश हो रही है। वन विभाग के हाथ नहीं आ रहा हैं। ताजा जानकारी यह आई है कि कुछ जगहों पर उसके पगमार्क मिले है। 45 किमी दूर सायरा में भी उसकी आवाजाही देखी जा रही है। मंगलवार रात को सायरा थाना के पदराड़ा में पूर्व सरपंच हरिसिंह राणावत के घर पर बंधे दो बछड़ों का पेंथर ने शिकार किया। लोगां का कहना है कि 10 दिन से पदराड़ा और उसके पास के गांवों में पेंथर की आवाजाही हो रही है। उसने यहां कुछ अन्य मवेशियों का भी शिकार किया हैं। ईआरटी टीम यहां पर सक्रिय है व जंगज जंगल तलाश की जा रही हैं

वंडर सीमेंट लि.आर. के. नगर निम्बाहेड़ा में, गरबा रास - 2024 का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा में दिनांक 06 से 08 अक्टूबर, 2024तक तीन दिवसीय गरबा रासधुम-घाम से आयोजित किया गया। गरबा का शुभारम्भ कम्पनी के यूनिट हेड श्री नितिन जैनतथा वंडर यूफोरिया क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अरुणा जैन द्वारा परिवार सहितमाँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर सभी कि खुशहाली की कामना करते हुए किया। गरबा रास में बच्चों एवं बडों की फैंसी ड्रेस में डांडिया प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न थिम पर आधारित बेहतरीन गरबा रास के आयोजन ने सभी आर. के. नगर वासियों को नवरात्रा के गरबा पांडाल में आनंदित कर दिया।

वंडर सीमेंट के आयोजित गराबा में कम्पनी के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी सपरिवार शामिल होकर तीन दिवसीय आयोजन को यादगार बनाया। इस दौरान सभी कॉलोनी वासियों ने दुर्गा पुजा एवं गरबा रास का भरपुर आनन्द लेते हुए आयोजक समिति द्वारा गरबा रास में प्रायोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अन्तिम दिवस की देर रात्री तक कार्यक्रम में झुडे रहे। इस दौरान यूनिट हेड श्री नितिन जैन ने इस बेहतरीन आयोजन के लिये आयोजक समिति की सराहना करते हुए सभी को शुभकानाएं दि और आर. के. नगर वासियों की हौसला अफजाई की। इस तीन दिवसीय गरबा रास के दौरान बेस्ट ड्रेस, बेस्ट छात्र वर्ग, बेस्ट छात्रा वर्ग, बेस्ट कपल इत्यादि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश श्रृंगी ने किया।

उदयपुर में सेलून पर काम करने वाले युवक ने भीलवाड़ा में किया सुसाइड

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर में काम करने वाले युवक ने भीलवाड़ा में सुसाइड कर लिया। दो दिन पहले ही युवक उदयपुर में सेलून पर काम करने वाला यह युवक भीलवाड़ा आया था। घटना के दौरान युवक घर पर अकेला था। परिजन जब घर पर पहुंचे तो फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। तुरंत उसे उतार कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया। बताया गया कि सुभाष नगर थाना क्षेत्र की कुवाड़ा खान में मंगलवार देर शाम युवक ने फांसी लगा ली। युवक का नाम कुलदीप सेन पिता मदनलाल सेन (19) हैं। परिजनों ने बताया कि घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। वे देर शाम जब घर लौटे तो कुलदीप रस्सी के फंदे से झूलता मिला। शव को फंदे से उतार कर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने महात्मा गांधी हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। युवक उदयपुर में सैलून पर कार्य करता था और सोमवार को ही वो भीलवाड़ा आया ही था।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।